भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1874
02 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना

1874. श्री विजय बघेल :
श्री मुरारी लाल मीना :
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन :
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेलः
श्री जनार्दन मिश्रा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के माध्यम से आत्मनिर्भरता के लक्ष्य हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र की कंपनियों को स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) प्रौद्योगिकी विकास निधि स्कीम के माध्यम से आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं :

(i) टीडीएफ स्कीम रक्षा प्रौद्योगिकी के अभिकल्पन एवं विनिर्माण में नए उद्योगों, विशेष रूप से स्टार्टअप एवं एमएसएमई को शामिल करके "आत्मनिर्भर भारत" के विज़न के पूर्णतः

अनुरूप है । उद्योगों को 50 करोड़ रुपए तक का निधियन अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है ।

(ii) लगभग 333.21 करोड़ रुपए की लागत से टीडीएफ स्कीम के अंतर्गत कुल 78 परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं ।

(iii) टीडीएफ स्कीम के तहत अब तक 10 परियोजनाओं के अंतर्गत 27 प्रौद्योगिकियों का सफलतापूर्वक विकास किया गया है ।

(ख) चालू वर्ष (01 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024) के दौरान टीडीएफ स्कीम के तहत मंजूर की गई परियोजनाओं का ब्योरा **अनुबंध 'क'** के रूप में संलग्न है ।

"प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना" के बारे में लोक सभा में दिनांक 02 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 1874 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

मौजूदा वर्ष (01 जनवरी, 24 से 30 जून, 24) के दौरान टीडीएफ स्कीम के तहत निजी क्षेत्र की कम्पनियों को मंजूर की गई परियोजनाओं का ब्योरा

क्र.सं.	परियोजना का नाम	डीए का नाम	उद्योग की स्थिति एमएसएमई/बृहद / स्टार्टअप (डीए)	उद्योग का प्रकार (डीए)
1	आईआरएनएसएस बेस्ड टाइमिंग एक्वीजिशन एंड डिसेमिनेशन सिस्टम	मैसर्स एकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर	बृहद	प्रा. लिमिटेड
2	अंडरवाटर लांच्ड अनमैंड एरियल सिस्टम	मैसर्स सागर डिफेंस इंजीनियरिंग प्रा. लि. पुणे	स्टार्ट-अप	प्रा. लिमिटेड
3	डेवलपमेंट ऑफ इंडीजीनयस सिनेरियो एंड सेंसर सिमुलेशन टूलकिट	मैसर्स ऑक्सीजन 2 इनोवेशन प्रा.लि. नोएडा	स्टार्ट-अप	प्रा. लिमिटेड
4	डेवलपमेंट ऑफ आईसीई डिटेक्शन सेंसर	मैसर्स क्राफ्ट लॉजिक लैब्स प्रा.लि. बैंगलोर	एमएसएमई	प्रा. लिमिटेड
5	लांग रेंज आरओवी फॉर यूडब्ल्यू ऑब्जेक्ट डिटेक्शन एंड न्यूट्रलाइजेशन	मैसर्स आईआरओवी टेक्नोलॉजीस प्रा.लि. कोच्चि	स्टार्ट-अप	प्रा. लिमिटेड
6	डेवलपमेंट ऑफ ग्राफीन बेस्ड स्मार्ट एंड ई-टेक्सटाइल्स फॉर मल्टीफंक्शनल वियरेबल एप्लीकेशन एज ईएक्सपी	मैसर्स अलोहा टेक वेन्चर्स प्रा.लि. कोयम्बटूर	स्टार्ट-अप	प्रा. लिमिटेड
7	75 केवीए कॉस्टेंट फ्रीक्वेंसी अल्टरनेटोर एज ईएक्सपी	मैसर्स वीईएम टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. हैदराबाद	एमएसएमई	प्रा. लिमिटेड
8	रडार सिग्नल प्रोसेसर विद एक्टिव एन्टिना एरे सिमुलेटर	मैसर्स डाटा पैटर्नस (इंडिया) लिमिटेड चेन्नई	बृहद	लिमिटेड

*****